दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

## बिना बिल के परिवहन करते लाखों का माल पकड़ाया

### अधिकारियों ने पकड़ी 5 ट्रक

रायगढ़ (आरएनएस)। सहायक आयुक्त जी.एस.टी वागे ने सारंगढ़ के पास छिंद में नाकाबंदी कर पांच ट्रको को बिना वे बील के ट्रासपोंटींग करते पकडा जिसमें लाखों का माल भरा हुआ हैं इन सभी वाहनों को रायगढ़ लाया गया हैं जहां माल की जांच की जायेगी ओर वेरिफिकेशन के बाद टेक्स व पेनाल्टी का निधारण किया जायेगा विभाग व्दारा यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी यह पहला मामला हैं जब इतने बड़े पैमाने पर कार्यवाही की गयी हैं पकडी गयी गाड़ियों में खरसिया रायपुर सारंगढ़ व भाटागांव के ट्रांसपोर्टरों की ट्रके हैं जिसमें कुर्सी छड़ व परचुन का माल भरा हुआ हैं पकड़ी गयी गाड़ियों में भगवती ट्रासपोर्ट रायपुर अंजनी रोडलाइंस सांरगढ़ करण ट्रासंपोर्ट खरसिया, गुप्ता ट्रांसपोर्ट व रायपुर सारंगढ़ ट्रांसपोंट की ट्रके हैं जिनके नम्बर सी जी 10टीसी 0116, जी.जे 12 जेड 4775,सी जी 04ऐल टी 0952, सी जी 04 एम टी 2344 सी जी 04 एल टी 1868 हैं सभी गाड़िया आफिस के पास खड़ी हैं जिनका वेरिफिकेशन अब सोमवार को किया जायेगा उसके बाद ही गाड़ियों को छोड़ा जयेगा ।

## भाजपा नेता ने किया चुनाव आचार संहिता का उलंधन, मामला हुआ दर्ज

रायगढ़ (आरएनएस)। लैलूंगा के भाजपा प्रत्याशी सत्यानंद राठिया पर चुनाव आचार संहिता उलंधन का मामला बना हैं वे 40 से 50 लोगों के लावा लस्कर के साथ चुनाव प्रचार करने बगुरंसिया गांव पहुंचे थे जिसकी जानकारी नायब तहसीलदार को मिलते ही वे गांव पहुंचे और आचार संहिता के उल्धंन का मामला दर्ज किया हैं चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता के तहत कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति सभा नहीं कर सकता और धारा 144 के तहत पांच से ज्यादा व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर एक साथ इकट्ठा नहीं हो सकते यह कार्यवाही राठिया के काफिले को लेकर की गयी हैं ।

## अघरिया महिला मंच का तीन दिवसीय आनंद मेला 28 से 30 अक्टूबर तक

रायगढ़। शहर के अघरिया महिला मंच पहली बार अपने समाज का दीपावली उत्सव के रूप में आनन्द मेला का आयोजन स्थानीय कोतरा रोड क्षेत्र में स्थित अघरिया सदन में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक किया गया है।

इस विषय में विस्तार से बताते हुए अघरिया महिला मंच की अध्यक्षा श्रीमती सावित्री पटेल ने बताया कि इस आयोजन में हमने खाने पीने की सामग्री के अलावा घर साज सज्जा सामग्री, साड़ियों का स्टाल, दिया तेल, पूजन सामग्री सहित अन्य कई तरह की वस्तुओं का भी समावेश भी अपने आनन्द मेला में किया है।

आप सभी नगर वाशियों से विनम्र अनुरोध है कि आप अपने परिवार सहित हमारे इस कार्यक्रम में पहुंच कर दी गई सुविधाओं का लाभ उठाते हुए हमें अनुग्रहित करें।


## पुलिस अधीक्षक द्वारा गुरूचरण सिंह को कारण बताओ नोटिस

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा धर्मजयगढ़, पतरापारा वार्ड नं. 8 निवासी गुरूचरण सिंह राजपूत उर्फ बाबू के विरूद्ध छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 ख के तहत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर प्रकरण प्रारंभ किया गया है। उक्त प्रकरण में उन्हें नोटिस प्रेषित किया गया था। उनके निवास में उपस्थित नहीं रहने के कारण बताओ नोटिस बिना तामिल वापिस किया गया। गुरूचरण सिंह की उपस्थित हेतु दिनांक 22 अक्टूबर 2018 को पेशी निर्धारित कर समंस तामिली हेतु पुनः भेजा गया।

निवास पर उपस्थित नहीं होने के कारण समंस गवाहों के समक्ष चस्पा द्वारा तामिल कराया गया है। प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 29 अक्टूबर 2018 नियत की गई है। अतः सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत कर सक ते है। निर्धारित दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

## दिवाली से पहले छोटे कारोबारियों को सरकार देगी तोहफा, 2 नवंबर को होगा ऐलान

नई दिल्ली। सरकार छोटे और मझौले कारोबारियो के लिए दीवाली से पहले बड़े राहत पैकेज का ऐलान करने वाली है। मिली जानकारी के मुताबिक 2 नवंबर को सरकार इस योजना का ऐलान कर सकती है। नई योजना के तहत सरकार छोटे और मझौले कारोबारियों को सस्ती दर पर कर्ज मुहैया कराने की तैयारी कर रही है।



इन कारोबारियों को कर्ज के ब्याज पर मिलने वाली छूट का दायरा सरकार और बढ़ाएगी। साथ ही नई यूनिट लगाने या फिर मौजूदा यूनिट की क्षमता विस्तार करने के मकसद से भी अगर कोई कारोबारी कर्ज लेता है तो उस पर भी सब्सिडी की रकम बढ़ाने का प्रस्ताव है। यही नहीं नई योजना में सरकार ये भी सुनिश्चित करेगी कि आवेदन के बाद जल्द से जल्द कारोबारी को कर्ज मिले ताकि कारोबार शुरू करने में उसे ज्यादा वक्त न गंवाना पड़े।

फिलहाल इस मसौदे को वित्त मंत्रालय का बैंकिंग मामलों का विभाग अंतिम रूप दे रहा है। प्रस्ताव पूरी तरह तैयार हो जाने के बाद उसे चुनाव आयोग के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के चलते लागू आचार संहिता की वजह से बिना आयोग की मंजूरी के कोई भी बड़ा फैसला नहीं लिया जा सकता है। हाल ही में हवाई ईंधन पर ड्यूटी घटाने के पहले वित्त मंत्रालय ने चुनाव आयोग की मंजूरी ली थी।

दरअसल पहले नोटबंदी और बाद में जीएसटी, इन दो योजनाओं से सरकार ने देश की अर्थ व्यवस्था को नई दिशा देने की कवायद शुरू की थी और छोटे कारोबारियों को इन्हीं का सबसे बड़ा झटका भी झेलना पड़ा है। ऐसे में अब सरकार इन कारोबारियों के लिए बड़े ऐलान करने का मन बना चुकी है। जानकारी के मुताबिक सरकार इस योजना को बड़े पैमाने पर देशव्यापी तौर पर लॉन्च करेगी। देश भर में करीब 80 जगहों पर इसके कार्यक्रम किए जाएंगे जिनमें सांसद से लेकर मंत्री तक शामिल होंगे। प्रदेश स्तर पर छोटे कारोबारियों को चैम्बर्स में भी इस योजना को लॉन्च करने की योजना बनाई जा रही है।

## बीजेपी प्रत्याशी एक साथ भरेंगे नामांकन, कांग्रेसियों को मूहूर्त का इंतजार

रायगढ़। जिले में विधानसभा चुनाव के लिए सारे बीजेपी प्रत्याशी 1 नवंबर को एक साथ नामांकन दाखिल करेंगे लेकिन कांग्रेसी नेता अपने शुभ दिन एवं मूहूर्त के अनुसार चुनावी मैदान में उतरेंगे। शुक्रवार को शुभ मूहूर्त बताकर जगदीश मेहर ने रायगढ़ से नामाकंन भर दिया था तो वहीं खरसिया से उमेश पटेल सोमवार को दोपहर दो बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

विधानसभा चुनाव के लिए नेता अपने शुभ दिन पसंदीदा रंग, तारीख, वार एवं समय का विशेष ध्यान रख रहे हैं। नामाकंन फार्म खरीदने से लेकर उसे जमा करने के लिए भी पंडित, ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हालाकि बीजेपी ने एक साथ सामूहिक नामांकन दाखिल करने का एलान किया है। इसलिए राज्य स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को एक साथ पांचो बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने जाएंगे। इसके लिए बकायदा रामलीला मैदान




से रैली निकालकर समर्थकों के साथ बीजेपी प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन करेंगे। इस दिन पार्टी के कहने पर सभी प्रत्याशी पहला नामांकन सामूहिक रूप से जमा कर देंगे लेकिन दूसरे एवं तीसरे सेट के लिए बकायदा प्रत्याशियों ने अलग अलग दिन व समय तय किया हुआ है। हालाकि पार्टी एकता का हवाला देकर किसी भी बीजेपी उम्मीदवार ने इस पर चर्चा नहीं की है लेकिन कांग्रेस खेमें में इस शुभ मूहूर्त को लेकर पहले दिन से ही प्रत्याशी सतर्क हो गए हैं। 26 अक्टूबर को नामांकन के पहले दिन ही दोपहर में कांग्रेस से जगदीश मेहर ने नामांकन दाखिल कर सबको चौंका दिया था। दिल्ली से मिले चुनावी संकेत एवं शुभ मूहूर्त का हवाला देकर जगदीश मेहर ने टिकट का एलान होने से पहले ही नामांकन भरकर सबको चौंका दिया था। इसी तरह खरसिया से उमेश पटेल सोमवार को दोपहर 2 बजे अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं बीजेपी में विभीषण बनकर बागी हुए विजय अग्रवाल ने नामांकन दाखिल करने के लिए अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन शनिवार को अपना चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कर दिया है।

## डाइल 112 के सहयोग से मालगाड़ी को द बर्निंग ट्रेन हादसा से बचाने में पुलिस को मिली कामयाबी

बिलासपुर। डाइल 112 के सहयोग से मालगाड़ी को द बर्निंग ट्रेन हादसा से बचाने में पुलिस को कामयाबी मिली है। घटना उस्लापुर रेलवे स्टेशन की है। जानकारी मिली कि मालगाड़ी के डिब्बे में आग लग गयी है। दो बार प्रयास के बाद ट्रेन को खाक होने से बचा लिया गया है। पुलिस जानकारी के अनुसार आग कोयला पत्थर में लगी थी। ईगल वन के प्रयास से भारत सरकार को होने वाली बहुत क्षति से बचा लिया गया है।

## पुलिस की पहल पर सीसी टीवी कैमरा लगाने आगे आये शहर के व्यापारी

रायगढ़। रायगढ़ शहर के पुराने थाने कोतवाली में पदस्थ ध्रुव कुमार मारकण्डेय ने कल शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दीपक झा के दिशा निर्देशन में शहर को तीसरी आंख (सीसी टीवी) के दायरे में लाने के लिए शहर के दुकानदारों के पास स्वयं स्टॉफ के साथ सबसे पहले शहीद चौक पहुंचे वहां चौक का मौका मुआयना उपरांत वहां के व्यापारियों से मेल-मिलाप कर दुकानों की सुरक्षा का जायजा लिया तब दुल्हन साड़ी के संचालक ने शहीद चौक में तीन कैमरे अलग से डीवीआर सहित लगाने की सहमति स्वयं टीआई को दी।



शहीद चौक से पुलिस टीम अलंकार होटल पहुंची जहां संचालक जसबीर टुटेजा ने कैमरे चालू होने की जानकारी देकर दो कैमरे और जल्द चालू कर सड़क की तरफ लगाने का आश्वासन टीआई को दिया फिर यह टीम सिल्वर पैलेस सोना चांदी दुकान पहुंचे जिसके संचालक कमल अग्रवाल ने गोपी टॉकिज और मंदिर चौक रोड में दो कैमरे अलग से लगाने की सहमति दी। तद्उपरांत रामनिवास टॉकिज चौक पहुंची कोतवाली टीम को पूर्व सभापति ने चौक के रास्तों पर नजर रखने चार कैमरे जल्द लगवाने टीआई के आग्रह पर सहमति दी।

तद्उपरांत वहां खड़े व्यापारियों कैलाश अग्रवाल, अनिल गर्ग, मनोज अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल ने भी टीआई मारकण्डेय की इस मुहिम को लेकर भरपूर सहयोग रायगढ़ पुलिस को देने की अपनी मंशा से उन्हें अवगत कराया फिर यह टीम स्टेशन चौक पहुंची और वहां प्रतीक होटल और आसपास के दुकानदारों से मिलकर कैमरे चेक किये।

जहां कई लोगों ने सड़क की तरफ कैमरे लगाने की सहमति दी फिर यह टीम मेहता पेट्रोल पंप पहुंची जहां सभी सोलह कैमरे चालू मिले फिर छप्पन भोग होटल के संचालक नवल ने टीआई श्री मारकण्डेय के आग्रह पर सड़क की तरफ दो कैमरे लगाने की सहमति दी।

## नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट



रायपुर। कांकेर जिले के दुर्गूकोन्दल-पखांजूर मार्ग पर भुसकी गांव के पास नक्सलियों ने रविवार को एक बार फिर आईईडी विस्फोट किया है। हालांकि इस विस्फोट से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## सुरेश और टंकेश्वर एक एक साल के लिए तड़ीपार

रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस सुरेश माखिजा पिता उधम दास निवासी सिंधी कालोनी चक्रधरगर थाना प्रभारी खरसिया द्वारा टंकेश्वर राठौर पिता देवीप्रसाद राठौर निवासी मदनपुर थाना खरसिया को जिला बदर किये जाने हेतु पुलिस क मान को प्रतिवेदन दिया था। जिस पर पुलिस ने जिला दंडाधिकारी रायगढ़ के न्यायालय में दोनों मामले को प्रस्तुत किया था जहां जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में अभियोजन साक्षियों के परिशीलन एवं उपरोक्त व्यक्तियों के अपराधिक वृत्त का विश्लेषण किया।

वही दोनों व्यक्तियों को छग राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदेश पारित कर आदेशित दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये जिला रायगढ़ एवं समीपवर्ती जिले बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, कोरबा एवं जशपुर जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है। विदित है कि दोनों व्यक्ति पर कई आपराधिक मामले दर्ज है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931